दिनांक : 24.06.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संसद सत्र–शपथ

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नवनिर्वाचित सांसदों के सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने वाले प्रथम सदस्य रहे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री महताब को 18वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में पद की शपथ दिलाई। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, और अन्य ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की है।

....

प्रधानमंत्री षपथ

सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा का सत्र आज विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी।

....

वीरांगना रानी दुर्गावती–मुख्यमंत्री

वीरांगना रानी दुर्गावती के 461वें बलिदान दिवस पर आज मुख्यमंत्री मोहन यादव जबलपुर में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने रानी दुर्गावती के समाधि स्थल पर पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनका एक सभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। संस्कृति विभाग द्वारा रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी। स्वराज संस्थान की ओर से एक चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री के साथ जनजातिय कार्य मंत्री विजय शाह, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी मौजूद हैं। वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम आगामी 5 अक्टूबर तक जारी रहेंगे।

....

नीट– पुनः परीक्षा

नीट–यूजी परीक्षा में ग्रेस या क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले एक हजार 563 अभ्यर्थियों की परीक्षा कल दोबारा आयोजित की गई। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, मेघालय और चंडीगढ़ राज्यों के सात केंद्रों में पुनः परीक्षा सम्पन्न हुई। कुल एक हजार 563 अभ्यर्थियों में से 813 अभ्यर्थी इस पुनः परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षाओं की षुचिता बनाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आईआईएम इंदौर के निदेषक हिमांषु राय ने कहा है कि सरकार ने पेपर लीक के मुद्दे पर अहम कदम उठाए हैं।

....

मॉनसून–बारिष

दक्षिण पष्चिम मॉनसून कल प्रदेष के आलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, सीधी, सिंगरौली, इंदौर, उज्जैन, देवास, भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम में प्रवेष कर गया है। इसके प्रभाव से प्रदेष के अधिकांष जिलों में कहीं कम तो कहीं अधिक बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, बैतूल, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पांडूरना सहित कुछ अन्य जिलों में तेज वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा 47 जिलों के लिये बारिष का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मऊगंज जिले में बिजली गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। लगभग 120 बकरियों की भी मौत हो गई।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर मंत्रालय द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने का दावा करने वाले एक संदेश को फर्जी करार दिया है। मंत्रालय ने कहा है ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।
- श्री सद्‌गुरू कबीर साहेब के 627वें प्रकट उत्सव पर कल इंदौर में कलश यात्रा निकाली गई। कबीर मंदिर में शाम को श्री सद्‌गुरू कबीर साहेब की महाआरती के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया।

....